राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

**कार्यालय ऑफिस**
क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट, नोटिस, वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-7490923915
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरांचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात, संस्करण गुरुवार 09 जुलाई 2026 वर्ष-9,अंक-157 पृष्ठ-06 मूल्य-01 रूपये

Website : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा इंडोनेशिया, ईवीएम बनाने में भी भारत करेगा मदद

### ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल भारतीय अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल

**नई दिल्ली।**

भारत-इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस डील पर मुहर लग गई है। भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की अतिरिक्त यूनिट देगा। फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया इसे खरीदने वाला दूसरा देश बन गया है। पीएम मोदी ने मंगलवार को जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बैठक में कई अहम समझौते हुए। इंडोनेशिया ने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल भारतीय अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल खरीदने का भी फैसला किया।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत इंडोनेशिया के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) विकसित करने में मदद करेगा। इंडोनेशिया दौरे का दूसरे दिन मंगलवार सुबह पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उन्हें गले भी लगाया। पीएम मोदी दिन में इंडोनेशिया के मंदिर प्रम्बानन भी जाएंगे। 9वीं शताब्दी में बना यह मंदिर यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल के प्रदर्शन के बाद इंडोनेशिया ने इसे खरीदने का फैसला किया है। इसके अलावा भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की यूनिट भी उपलब्ध कराएगा।

क्रिटिकल मिनरल्स की सप्लाई चेन मजबूत करने के लिए भारत इंडोनेशिया में स्टील, निकेल और रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्माण में निवेश करेगा। भारत और इंडोनेशिया मिलकर सबांग बंदरगाह का विकास करेंगे। यह बंदरगाह मलक्का जलडमरूमध्य पर स्थित है और भारत के ग्रेट निकोबार पोर्ट प्रोजेक्ट से करीब 100 मील की दूरी पर है।




## पहला कॉलम



# शोपियां में सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी लश्कर का टॉप कमांडर जाकिर गनी ढेर

### पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े आतंकी का चार दिन बाद मिला शव, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद

**जम्मू।**

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर जाकिर गनी को मार गिराया है। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार को शुरू किए गए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ के चार दिन बाद घटनास्थल से उसका शव बरामद किया गया। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि जाकिर गनी पहलगाम आतंकी हमले से भी जुड़ा हुआ था और लंबे समय से सुरक्षा बलों की तलाश में था।वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान पहले गोलीबारी की आवाजें सुनाई दी थीं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। इलाके में तलाशी अभियान जारी रखा गया और मंगलवार को तलाशी के दौरान एक शव बरामद हुआ। मौके से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुष्टि हुई कि मारा गया आतंकी जाकिर गनी था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शोपियां जिला लंबे समय से आतंकवादी गतिविधियों का संवेदनशील क्षेत्र माना जाता रहा है। यह इलाका लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) जैसे संगठनों के लिए रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। दक्षिण कश्मीर को पीर पंजाल पर्वतमाला से जोड़ने वाला यह क्षेत्र घने सेब के बागानों और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण आतंकियों के लिए छिपने और आवाजाही का सुरक्षित मार्ग बनता रहा है।पिछले कुछ वर्षों में शोपियां में आतंकियों ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों, बाहरी मजदूरों तथा सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं। इन घटनाओं को देखते हुए भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की विक्टर फोर्स सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां इस क्षेत्र में लगातार संयुक्त अभियान चला रही हैं। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि जाकिर गनी के मारे जाने से दक्षिण कश्मीर में सक्रिय आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। फिलहाल पूरे इलाके में तलाशी अभियान जारी है और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है ताकि आतंकियों के किसी भी शेष नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके।

# हिमाचल में अगले 7 दिन भीषण मॉनसून, भूस्खलन-बाढ़ का अलर्ट

**शिमला।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हिमाचल प्रदेश में अगले पांच से सात दिनों तक मॉनसून के अत्यधिक सक्रिय रहने का अनुमान जाहिर किया है। इस दौरान कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में भारी बारिश की संभावना है, इससे राज्य को भूस्खलन, अचानक बाढ़ (फ़्लैश फ़्लड) और नदियों व नालों के जलस्तर में वृद्धि जैसे गंभीर खतरों का सामना करना पड़ सकता है।

आईएमडी हिमाचल प्रदेश के मौसम केंद्र के प्रमुख ने बताया कि पिछले 24 घंटों में राज्य के करीब सभी ज़िलों में व्यापक बारिश दर्ज की गई, जिसमें मंडी और हमीरपुर जिलों के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा हुई। उन्होंने पुष्टि की कि अगले पांच से सात दिनों के दौरान कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर में मॉनसून सक्रिय रहेगा, जहाँ करीब हर दिन कुछ जगहों पर भारी बारिश होने की संभावना है। बाकी ज़िलों में भी अगले चार से पांच दिनों तक मध्यम बारिश की उम्मीद है।मौसम केंद्र के प्रमुख ने चेतावनी दी कि लगातार भारी बारिश से भूस्खलन, अचानक बाढ़ आ सकती है और नदियों, नालों व अन्य जल निकायों में जल स्तर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि सड़कें फिसलन भरी हो सकती हैं, कई जगहों पर दृश्यता कम हो सकती है और लगातार बारिश के कारण कृषि और बागवानी की फसलों को स्थानीय स्तर पर नुकसान पहुंच सकता है।

# ई20 पेट्रोल पर केजरीवाल ने 29 वाहन कंपनियों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ई20 पेट्रोल को लेकर नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने 29 ऑटोमोबाइल कंपनियों को पत्र लिखकर सात दिनों के भीतर यह स्पष्ट करने को कहा है कि ई20 ईंधन का पुराने वाहनों के इंजन और माइलेज पर क्या प्रभाव पड़ता है? दरअसल सोशल मीडिया पर यह दावा किया जाता रहा है कि ई20 पेट्रोल से वाहनों के इंजन और माइलेज पर विपरीत असर पड़ रहा है।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि यह भ्रामक जानकारी है और यदि ऐसा कोई दावा करता है तो वह सामने आए बताए कि किस वाहन में ई20 पेट्रोल ने नुक्सान हो रहा है। ऐसे में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि कंपनियों के सार्वजनिक बयान और ओनर्स मैनुअल में विरोधाभास है। केजरीवाल ने मांग की कि यदि ई20 से वाहनों को नुकसान होता है तो कंपनियां इसकी जिम्मेदारी लें।

# अस्पतालों की लापरवाही पर दिल्ली हाई कोर्ट सख्त करोड़ों की मेडिकल मशीनें खा रहीं धूल

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मरीजों के इलाज के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर महंगी मेडिकल मशीनें खरीदी गईं, लेकिन इनमें से कई मशीनें सालों से धूल खा रही हैं।

न मरीजों को इनका फायदा मिल रहा है और न ही इन पर खर्च हुए सरकारी पैसे का सही इस्तेमाल हो पा रहा है। अब इस मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। हाई कोर्ट ने इसे जनता के पैसे की बर्बादी बताते हुए दिल्ली सरकार के सभी सरकारी अस्पतालों को ऐसी मशीनों की जांच कराने का आदेश दिया है,




जो खरीदी तो गईं लेकिन इस्तेमाल नहीं हो रहीं।

अदालत के सामने दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की 15.42 करोड़ रुपये की पीईटी साइक्लोट्रॉन मशीन का मामला आया था, जो अप्रैल 2022 से बंद पड़ी है। इसके बाद कोर्ट ने सभी अस्पतालों में ऐसी मशीनों का ऑडिट कराने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट की विशेष पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार के सभी अस्पताल यह जांच करें कि कौन-कौन सी मशीनें खरीदी गईं, लेकिन उनका इस्तेमाल नहीं हो रहा है। हर अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करना होगा।

# राम मंदिर दान चोरीः तीन आरोपी पुलिस रिमांड पर, खुलेंगे कई राज



**अयोध्या।**

राम मंदिर में दान चोरी के मामले में पुलिस को तीन आरोपियों की कस्टडी रिमांड मिल गई है, जिससे इस प्रकरण से जुड़े कई नए राज खुलने की उम्मीद है। अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पाण्डेय नामक इन तीनों आरोपियों को मंगलवार को विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण की अदालत ने 40 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने अदालत से सात दिनों की रिमांड मांगी थी, यह दलील देते हुए कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं और उनसे मिली जानकारियों के आधार पर नए साक्ष्यों एवं अन्य वस्तुओं की बरामदगी आवश्यक है। पुलिस अब इन आरोपियों से रुपयों को कहां-कहां खपाया गया, कैसे चुराया गया और कहां छिपाया गया, इन सभी पहलुओं पर गहन पूछताछ करेगी।

यह मामला सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट और निर्देशों के आधार पर ही दान चोरी के मामले में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था।

# ‘सेफ क्लिक 2.0’ अभियान डिजिटल सुरक्षा की ली गई शपथ

### ‘रन फॉर साइबर सेफ्टी’ में उमड़ा जनसैलाब

**जबलपुर।**

डिजिटल दौर में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस के ‘सेफ क्लिक 2.0’ अभियान के तहत जबलपुर पुलिस ने बुधवार को ‘रन फॉर साइबर सेफ्टी’ मैराथन का आयोजन किया। पुलिस परेड ग्राउंड से शुरू हुई इस मैराथन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा, खिलाड़ी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाकर किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि ऑनलाइन लेन-देन करते समय सावधानी बरतें, अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी और निजी दस्तावेज किसी के साथ साझा न करें।

मैराथन पुलिस परेड ग्राउंड से शुरू होकर अंबेडकर चौक, हाईकोर्ट चौक, घंटाघर, तैयब अली चौक और पर्यटन तिराहा होते हुए वापस पुलिस परेड ग्राउंड पहुंची। इसमें करीब 600 से 700 नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कहा कि ‘सेफ क्लिक 2.0’ अभियान के माध्यम से पुलिस लगातार लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट, निवेश धोखाधड़ी, केवाईसी फ्रॉड और सोशल मीडिया हैकिंग जैसे अपराधों से बचने के उपाय बता रही है। पुलिस टीमें स्कूल, कॉलेज, बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही हैं। मैराथन के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही।

जबलपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज, लिंक, एपीके फाइल या अधिक लाभ वाले निवेश प्रस्ताव पर बिना जांच भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या सायबरक्राईम.जीओव्ही.इन पर शिकायत दर्ज कराएं।

# मनरेगा का नया रूप वीबी जी राम जी कांग्रेस ने बताया अधिकारों का हनन और राज्यों पर बोझ

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह 1 जुलाई से लागू हुए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट (वीबी जी राम जी) को रोज़गार अधिकार की चोरी बताया है। कांग्रेस नेता और पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि यह नई योजना अत्यधिक केंद्रीकृत है और इससे राज्य सरकारों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ेगा।कांग्रेस नेता रमेश ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व वित्त मंत्री हसीब द्राबू के लेख का हवाला देकर कहा कि नया कानून उस योजना की जगह ले रहा है, जो ग्रामीण परिवारों को काम का कानूनी अधिकार देती थी। उन्होंने लिखा कि वीबी जी राम जी असल में रोजगार के अधिकार की चोरी है। यह काम करने के संवैधानिक अधिकार की जगह एक ऐसी अत्यधिक केंद्रीकृत स्कीम ले आती है, जिससे राज्य सरकारों पर बहुत ज़्यादा वित्तीय बोझ पड़ता है। कांग्रेस नेता रमेश ने दावा किया कि नया कानून टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल लोगों को सुविधा देने के बजाय उन्हें बाहर रखने के लिए करता है और यह मनरेगा की तरह पूरे साल उपलब्ध नहीं रहेगा।पूर्व वित्त मंत्री द्राबू ने अपने लेख में समझाया कि मनरेगा, जो एक अधिकार-आधारित और मांग-आधारित योजना थी और परिवारों को 100 दिनों के अकुशल काम का कानूनी अधिकार देती थी, उस अब एक फॉर्मूला-आधारित और केंद्र द्वारा तय करने वाले ट्रांसफर में बदल दिया गया है।कांग्रेस ने नए कानून के तहत मिलने वाली मज़दूरी को भी बिना किसी वाजिब वजह के बहुत कम बताया है।

# पाकिस्तान में 17 पुलिसकर्मियों की हत्या सुरक्षा पर गंभीर सवाल

**इस्लामाबाद।**

भुखमरी और बदहाली से घिरे पाकिस्तान में हिंसा भी नहीं थम रही है। यहां अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक बार फिर हिंसा और दहशत का माहौल है। जियारत जिले में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पुलिस बल को निशाना बनाते हुए एक बड़ा और घातक हमला किया है, जिसमें कम से कम 17 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। इस हमले ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, हमले में कई अन्य पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जबकि लगभग 15 पुलिसकर्मियों के लापता होने की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि हमलावर उन्हें अपने साथ ले गए हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। इस बीच, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस भीषण हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। संगठन ने एक बयान जारी कर कहा है कि उसने मंगी डैम के पास स्थित पुलिस चौकी को सफलतापूर्वक निशाना बनाया है। हमले में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांवों और शहरों में अंतिम संस्कार के लिए भेजा जा रहा है, जिससे परिवारों और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मारे गए पुलिसकर्मियों में दो थाना प्रभारी (एसएचओ) भी शामिल हैं, जो इस हमले की गंभीरता को दर्शाता है। यह हमला जियारत के मंगी डैम के पास स्थित एक पुलिस चौकी पर किया गया, जहाँ भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने अचानक धावा बोल दिया। हमले की तीव्रता इतनी अधिक थी कि सुरक्षा बलों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। घटना के तुरंत बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय प्रशासन हरकत में आया। सुरक्षा बलों ने तत्काल प्रभाव से पूरे क्षेत्र को घेर लिया है और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है ताकि लापता पुलिसकर्मियों का पता लगाया जा सके और हमलावरों को खोजा जा सके। इस अभियान के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया है। यह कोई पहली घटना नहीं है जब बीएलए ने बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों को निशाना बनाया हो। पिछले लगभग एक महीने में, इस संगठन ने प्रांत में कई बड़े हमलों को अंजाम दिया है। पुलिस चौकी पर इस हमले से ठीक पहले, बीएलए ने जियारत में ही दो सैन्य शिविरों पर हमला करने का दावा किया था। 27-28 जून को हुए उस हमले में भी कई सुरक्षाकर्मी मारे गए थे, और संगठन ने दावा किया था कि उसने शिविरों पर कब्जा कर हथियार भी लूटे थे।



इसके अलावा, 3-4 जुलाई को ग्वादर के जिवानी में कोस्ट गार्ड कैंप पर एक आत्मघाती हमला किया गया था। बीएलए की मजीद ब्रिगेड ने विस्फोटकों से भरे वाहन के जरिए कोस्ट गार्ड कैंप को निशाना बनाया था और दावा किया था कि इस हमले में 30 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए, हालांकि पाकिस्तान की ओर से इन आंकड़ों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इन लगातार हमलों ने बलूचिस्तान में सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है और यह दिखाता है कि क्षेत्र में अलगाववादी संगठन अभी भी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं।

